भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1255
सोमवार, 8 दिसंबर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

हिसार और सोनीपत में पर्यटन अवसंरचना के लिए वित्तीय सहायता

1255. श्री जय प्रकाश:
श्री सतपाल ब्रहमचारी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हिसार और सोनीपत लोक सभा क्षेत्रों में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक महत्व के स्थलों के विकास के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता के साथ-साथ व्यापक सुधार की आवश्यकता है;

(ख) क्या सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन योजना, प्रसाद योजना जैसी केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत या अन्य विशेष अनुदानों के माध्यम से हिसार और सोनीपत क्षेत्र में सड़क संपर्क, प्रकाश सुविधा, पार्किंग, सड़क किनारे सुविधा, साइनेज, सूचना केंद्र बोर्ड, पर्यटक सुविधा केंद्र, पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाओं के लिए कोई योजना स्वीकृत की गई है या वित्तीय सहायता प्रदान करने का विचार किया है;

(ग) क्या सरकार को हिसार में महावीर स्टेडियम, फतेहाबाद किला, कृषि आधारित पर्यटन और ग्रामीण पर्यटन स्थलों के विकास के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(घ) यदि हाँ, तो स्वीकृत और लंबित परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ङ) क्या सोनीपत क्षेत्र को स्वदेश दर्शन या प्रसाद योजनाओं के अंतर्गत शामिल करने और इस क्षेत्र के प्रमुख स्थलों के विकास के लिए धनराशि आवंटित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(च) यदि हाँ, तो आज तक प्राप्त वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है, साथ ही चल रही परियोजनाओं की प्रगति और पर्यटन अवसंरचना को और सुदृढ़ बनाने की भविष्य की योजना क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): पर्यटक गंतव्यों और एतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा प्राकृतिक महत्त्व के स्थलों का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', एसडी 2.0 की एक उप-योजना- 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)', 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत

संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रस्तुति, निधियों की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना के विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश में 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' नामक योजना के तहत 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश में प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का व्यापक रूप से विकास करना और उनकी वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग तथा विपणन करना है।

उपरोक्त योजनाओं के तहत हिसार में महावीर स्टेडियम, फतेहाबाद किला, कृषि आधारित पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन स्थल और सोनीपत क्षेत्र के विकास के लिए कोई प्रस्ताव वर्तमान में विचाराधीन नहीं है।

पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है।

प्राप्त प्रस्तावों की विनिर्दिष्ट दिशानिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

हरियाणा राज्य में पर्यटन मंत्रालय की उपरोक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री जय प्रकाश और श्री सतपाल ब्रह्मचारी द्वारा हिसार और सोनीपत में पर्यटन अवसंरचना के लिए वित्तीय सहायता के संबंध में दिनांक 08.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1255 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

(i) हरियाणा राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	परिपथ/स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
1.	कृष्ण परिपथ 2016-17	कुरुक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थानों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास	77.39

(ii) हरियाणा राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	स्वीकृति वर्ष	गंतव्य	एक्सपीरियंस का नाम	स्वीकृत राशि
1.	2024-25	पंचकुला	टिक्कर ताल और एडवेंचर पार्क में एडवेंचर टूरिज्म हब का विकास	26.68
2.	2024-25	पंचकुला	यादविन्द्रा गार्डन का कायाकल्प	65.82

(iii) हरियाणा राज्य में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत राशि
1.	पंचकुला जिले में माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहिब गुरुद्वारा का विकास	2019-20	48.53

(iv) हरियाणा राज्य में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीएटीआईडी) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत राशि
1.	तिलयार झील पर मल्टीमीडिया/लेजर शो का कार्यान्वयन	30-04-2013	5.00
2.	यादविन्द्रा गार्डन, पिंजौर, हरियाणा में लाइट एंड साउंड शो	16-10-2017	6.00
3.	कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन	22-01-2020	3.02

*****